कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.11.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में
## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विविध आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की विशाखा समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विविध आयोजन किए गए। जिसमें उक्त विषय पर एक चर्चा में प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया भर में लगभग 03 में से एक महिला को अपने जीवन में मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। अतः संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार की हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में यह दिवस घोषित किया गया है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ0 आर0 के0 पुरोहित ने उक्त विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण सहित कई प्रकार के कानूनी कार्य सम्मिलित हैं। यह पुरूषों और महिलाओं के बीच असामान शक्ति संबंधों का परिणाम है और इसके गंभीर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं। भारत में घरेलू हिंसा, ऑनलाईन हिंसा जैसे साइबर, उत्पीड़न और ऑनर कीलिंग जैसे गंभीर मामले सामने आए हैं, इसी तारतम्य में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर, ग्राम -कोलिहापुरी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदत्त की जाने वाली सेवाऐं जैसे महिला हेल्पलाईन, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला उत्पीड़न, हिंसा आदि से संबंधित कानून की प्रदान दी गई। तत्पश्चात् छात्राओं द्वारा महिला उत्पीड़न के विरूद्ध कार्य करने की शपथ ली। एन0 एस0 एस0 प्रभारी डॉ0 सुषमा यादव ने शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक हिंसा एवं डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने यौन उत्पीड़न के रोकथाम के वैश्विक मानदण्डों और अच्छे व्यवहारों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ0 तोषिना तैलंग एवं कु0 तबस्सुम अली, महिला एवं बाल विकास विभाग, दुर्ग की सुश्री जया चन्द्राकर, श्री लक्ष्मीकांत यादव, श्रीमती शिल्पी उपाध्याय, श्रीमती कविता डोरले, श्रीमती सीता कन्नौजे एवं अधिक संख्या में छात्राऐं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

## महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विविध आयोजन




